कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, उलन बटार रोड, पालम दिल्ली छावनी

(हिंदी कक्ष)

सं०: 0746/हिं०क०/रा०भा०/शील्ड/2013-14 दिनांक: 30 जनवरी 2015

विषय : राजभाषा शील्ड वितरण समारोह

रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग) द्वारा प्रायोजित राजभाषा शील्ड (2013-14) योजना का पुरस्कार वितरण समारोह मुख्यालय कार्यालय में दिनांक 28 जनवरी, 2015 को आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि माननीय वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) सुश्री वंदना श्रीवास्तव थीं। माननीय रक्षा लेखा महानियंत्रक महोदय ने अपने संबोधन में सभी से विशेष रूप से विजेता प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों से अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने की अपील की। वित्तीय सलाहकार महोदया ने भी हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सरकारी काम-काज में हिंदी को बढ़ावा देने की अपील की। समारोह में माननीय वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) महोदया द्वारा निम्नलिखित कार्यालयों के रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/ रक्षा लेखा नियंत्रक एवं हिंदी अधिकारी/अनुवादकों को राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को महानियंत्रक महोदय द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया।

	क क्षेत्र	
1.	रक्षा लेखा नियंत्रक (पेंशन संवितरण), मेरठ	प्रथम
2.	रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(द०प०क०), जयपुर	द्वितीय
3.	रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(म०क०), लखनऊ	तृतीय
	ख क्षेत्र	
1.	रक्षा लेखा नियंत्रक (सी०एस०डी), मुंबई	प्रथम
2.	रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(नौसेना), मुंबई	द्वितीय
3.	रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(द०क०), पुणे	तृतीय
	ग क्षेत्र	
1.	रक्षा लेखा नियंत्रक, सिंकदराबाद	प्रथम
2.	रक्षा लेखा नियंत्रक, (अनु०एवं०वि०), हैदराबाद	द्वितीय
3.	रक्षा लेखा नियंत्रक, गुवाहटी	तृतीय

(दिलीप कुमार)
हिंदी अधिकारी